卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 91 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦6 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## एमसीडी में मेयर के चुनाव से पहले हंगामा, हाथापाई

### भाजपा और आप पार्षदों के बीच टकराव, सदन में चली कुर्सियां

नई दिल्ली। एमसीडी में नया मेयर मेयर के चुनाव से पहले हंगामा हो गया। मनोनीत सदस्यों को पहले शपथ दिलाने को लेकर हंगामा इतना बढ़ गया कि हाथापाई हो गयी। सदन में कुर्सियां भी चली। एमसीडी में आज मेयर पद का चुनाव है। इसके साथ-साथ डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर्स भी चुने जाएंगे। वोटिंग से पहले पार्षदों का शपथ ग्रहण होना था। लेकिन इससे पहले सदन में आप पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान आप पार्षदों के साथ बीजेपी पार्षदों की हाथापाई भी हुई। दोनों पार्टियों के पार्षदों में जमकर धक्का मुक्की हुई। यहां तक कि सदन में कुर्सियां भी चलीं।



आप पार्षद मनोनीत सदस्यों को पहले शपथ दिलाने का विरोध कर रहे थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने एलजी द्वारा मेयर चुनाव के लिए बीजेपी की पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने पर आपत्ति जताई। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने सदन में हंगामे को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट में कहा कि 49 से 134 होते ही आप के पार्षदों ने शुरू की गुंडागर्दी। धक्के मारना, लड़ना झगड़ना, कानून को ना मानना ये ही सच है इस गुंडा पार्टी का। केजरीवाल खुद अपने घर बुला कर अफसर और नेताओं को धमकाते और पिटवाते हैं तो उनके चेलों से और क्या उम्मीद कर सकते है। वहीं दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा एमसीडी में अपने कुकर्मों को छिपाने के लिए और कितना गिरेगे भाजपा वालो! चुनाव टाले, पीठासीन अधिकारी की गैरकानूनी नियुक्ति, मनोनीत पार्षदों की गैरकानूनी नियुक्ति, और अब जनता के चुने पार्षदों को शपथ न (शेष पृष्ठ सात पर)

## बरेली के पर्यटक की खाई में गिरने से मौत

### नैनीताल से लौटते समय हुआ हादसा

नैनीताल(उद संवाददाता)। खाई में गिरने से बरेली के एक पर्यटक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार बरेली निवासी सुशील वर्मा अपने मित्र सुनील वर्मा और अनिल वर्मा के साथ घूमने के लिए नैनीताल आया था। देर शाम वापस लौटते वक्त रास्ते में कृष्णापुर के समीप सुशील वर्मा बाथरूम करने के लिए रुका जहां वो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। सुशील के दोस्तों ने तल्लीताल पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस और फायर विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और सुशील वर्मा को रैस्क्यू कर खाई से निकाला गया। घायल को 108 स्वास्थ्य सेवा से बी.डी.पांडेय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सुशील के परिजन भी पहुंच गये। पुलिस ने बताया कि तीनों दोस्त बरेली में सुनार का काम करते हैं और नैनीताल घूमने आए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## दबंगों ने ढाबे में मचाया तांडव, ढाबा स्वामी घायल

लालकुआं(उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर में दबंगों ने ढाबे में घुसकर जमकर तोड़फोड़ व लूटपाट करते हुए ढाबा स्वामी को पीटकर घायल कर दिया।होटल स्वामी ने बमुश्किल अपनी जान बचाई। घायल ढाबा स्वामी को अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। घटना देर गुरुवार देर शाम की है। बताया गया है कि आधा दर्जन युवक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मंडल ढाबे में घुस गए, उन्होंने दबंगई दिखाते हुए वहां पर रखी कुर्सियां और बर्तनों को फेंकते हुए ढाबा स्वामी विशु मंडल की जमकर पिटाई लगा दी, यही नहीं दबंग युवकों द्वारा गल्ले में रखे पैसों की भी लूटपाट की गई। ढाबा स्वामी के सिर पर रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ट्रांसपोर्ट नगर में इस वारदात से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देने के बाद घायल ढाबा स्वामी (शेष पृष्ठ सात पर)



## मेट्रोपोलिस हत्याकाण्ड का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दीपावली की रात मेट्रोपोलिस में हुई युवक की हत्या के मामले में फरार आरोपी को एसटीएफ ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित था। बता दें 24 अक्टूबर 2022 को मेट्रोपोलिस सिटी कॉलोनी के गेट पर बिलासपुर निवासी दलजीत सिंह की करीब एक दर्जन बदमाशों ने लाठी-डंडे और हथियारों से हमला कर गोली मारकर हत्या कर दी थी मामले में थाना पंतनगर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुकदमे में अभियुक्त खुशकरण पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी गोदीखाला थाना खजुरिया जनपद रामपुर वांछित था और घटना के तुरंत बाद ही फरार हो गया था। उस पर एसएसपी ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ कुमाऊं यूनिट ने पिछले 7 दिनों से पंजाब में डेरा डाल रखा था और इस इनामी की गिरफ्तारी के लिए पंजाब में जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। गुरुवार को सीओ एसटीएफ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम ने सात दिन तक चले ऑपरेशन के बाद खुशकरन को थाना सदर रजपुरा, जनपद पटियाला, पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की इस कार्यवाही में एएसआई प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह तथा आरक्षी गुरवंत सिंह की प्रमुख भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एक टीम पिछले 7 दिनों से जनपद उधम सिंह नगर के इनामी अपराधी खुशकरन की गिरफ्तारी हेतु पंजाब में डेरा डाले हुए थी। खुश करन पर हत्या का आरोप था, घटना के दिन से ही वह अपने (शेष पृष्ठ 7 पर)



## दिनदहाड़े फायरिंग के मामले में दो पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में दिनदहाड़े दो युवकों पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इन्द्रा कालोनी निवासी गुरजीत सिंह उर्फ मोनू बेदी पुत्र बलवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि 2 जनवरी 2023 को दोपहर वह भूरारानी फाटक से मलिक कालोनी से होता हुआ अपने मित्र गुरमीत के साथ उसकी मोटर साईकिल से जा रहा था। जैसे ही वह मलिक कालोनी चौराहे पर पहुँचा तो सामने से आ रही बुलेट मोटर साईकिल सवार ग्राम डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर निवासी हरमन ने मामूली बात पर गाली देते हुए तमंचा निकालकर उसे जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। जिसमे वह बाल बाल बचा। गोली उसकी मोटर साईकिल पर लगी हरमन ने अपनी बैल्ट में टंगा दूसरा तमंचा निकालकर दूसरा फायर करने तभी वहां सामने से राहगीरों को आते देख वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था। विवेचना में (शेष पृष्ठ 7 पर)



## बिहार से गांजा लेकर आया तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एएनटीएफ और थाना रूद्रपुर पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एक तस्कर को 10.400 किलो गाँजा ले जाते दबोच लिया। एएनटीएफ और थाना पुलिस टीम गश्त करते हुए गाबा चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वन स्टाप सेन्टर को जाने वाली सड़क के किनारे एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को अपनी ओर से आते देखकर वह कट्टे के साथ भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता सुनील कुमार सहनी पुत्र राम पवित्र सहनी निवासी ग्राम खजुरी थाना गायघाट जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवासी भदईपुरा पावर हाउस बताया। तलाशी लेने पर कट्टे में 10.400 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त गांजा वह बिहार से तेल मिल डिबडिबा निवासी दीपक साहनी पुत्र सत्यम साहनी को बेचने आया था। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद गांजा कब्जे में लेकर सुनील के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी विजेन्द्र शाह, उपनिरीक्षक विनोद जोशी, उपनिरीक्षक विपुल जोशी, हेड कांस्टेबल हासिफ हुसैन, कांस्टेबल हरीश गोस्वामी, विनोद खत्री, अवानी राम आदि शामिल थे।



## नशेड़ी पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशेड़ पति ने अपनी पत्नी पर जान लेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे मरा समझकर घर से फरार हो गया। लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। महिला ने अपने पति के खिलाफ रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में कौशल्या देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी फुलसुंगा हनुमान मन्दिर वाली गली के पास ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि वह अपने बच्चों और पति रमेश कुमार गुप्ता के साथ फुलसुंगा में किराये के मकान में रहती है। उसका पति सुबह ही शराब पीने चला जाता है जब घर आता है तो गाली गलौज व मारपीट करता है और उसे जान से मारने की धमकी देता है। कौशल्या का कहना है 04 जनवरी 2023 को सुबह ही उसका पति शराब पीने कही चला गया। दोपहर शराब के नशे मे घर आया और खाना मांगने लगा। जब उससे थोडा इन्तजार करने को कहा तो वह गाली देने लगा तथा जाने से ही मारने की बात कहते हुए घर मे रखा हथौडा उठा लिया तथा उसके सिर व गर्दन पर कई वार किये जिससे उसे गम्भीर चोटे आयी तथा मौके पर ही बेहोश होकर गिर गयी। पति उसे मरा समझकर घर (शेष पृष्ठ सात पर)

## चिकित्सक के खाते से 98635 की नकदी उड़ाई

काशीपुर(उद संवाददाता)। चिकित्सा के बैंक खाते से शातिर दिमाग ठगों ने 98635 रुपयों की नकदी उड़ा दी। पुलिस ने घटना के लगभग तीन माह बाद मामले की प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में रामनगर रोड गवर्नमेंट हॉस्पिटल के समीप निवासी डॉ यशपाल रावत पुत्र स्वर्गीय नारायण सिंह रावत ने बताया कि रामनगर रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में उनका एक बचत खाता है। बीते 15 अक्टूबर की सुबह लगभग 8:30 बजे उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम कुलदीप बताया। उसने खुद को ट्रेजरी कर्मचारी बताते हुए उनसे मोबाइल नंबर बदल दिया। इसके बाद ओटीपी पूंछकर 98635 रुपयों की नकदी एक अन्य बैंक खाते में ट्रांजैक्शन कर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के लगभग 3 माह बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**खुद को ट्रेजरी कर्मचारी बताकर बदल दिए बैंक खाते के मोबाइल नंबर**

## सड़क और नाली निर्माण को लेकर नगर निगम में प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप के मोहल्ला आजादनगर वार्ड 3 के निवासियों ने वार्ड में नाली एवं सड़क निर्माण की मांग को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष



दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में निगम कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। श्री अधिकारी ने बताया कि मोहल्ला आजाद नगर में कई वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था। जो आज जर्जर हालत में पहुंच चुका है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# जोशीमठ में 500 से ज्यादा भवनों में आयी दरार

## जोशीमठ पहुंचकर प्रभावितों से मिलेंगे सीएम पुष्कर सिंह धामी

### ❑सरकार ने भूधंसाव की स्थिति का आंकलन करने तकनीकी विशेषज्ञों की पूरी टीम जोशीमठ भेजी
### ❑43 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से शिफ्ट किये, जिला प्रशासन और बचाव दल अलर्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जनपद चमोली के जोशीमठ में हो रहे भू-धसाव का आंकलन करने के लिये मुख्यमंत्री के निर्देश पर गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत




कुमार सिन्हा, भूस्खलन न्यूनीकरण केन्द्र के वैज्ञानिक सांतुन सरकार, आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर डॉ. बीके माहेश्वरी सहित तकनीकी विशेषज्ञों की पूरी टीम जोशीमठ पहुंच गई है। गढ़वाल कमिश्नर एवं आपदा प्रबंधन सचिव ने तहसील जोशीमठ में अधिकारियों की बैठक लेते हुए स्थिति की समीक्षा की। विशेषज्ञों की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री शनिवार को जोशीमठ जाकर स्थिति का जायजा भी लेंगे। जोशीमठ में लगातार हो रहे भूधंसाव के मामले पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पैनी नजर रखे हुए हैं। जोशीमठ में भू-धसाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने बीआरओ के अन्तर्गत निर्मित हेलंग बाईपास निर्माण कार्य, एनटीपीसी तपोवन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य एवं नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्यों एवं जोशीमठ-औली रोपवे का संचालन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। प्रभावित परिवारों को शिफ्ट करने हेतु जिला प्रशासन ने एनटीपीसी व एचसीसी



कंपनियों को अग्रिम रूप से 2-2 हजार प्री- फेब्रिकेटेड भवन तैयार कराने के भी आदेश जारी किए हैं। प्रभावितों के नगरपालिका, ब्लॉक, बीकेटीसी गेस्ट हाउस, जीआईसी, गुरुद्वारा, इंटर कॉलेज, आईटीआई तपोवन सहित अन्य सुरक्षित स्थानों पर रहने की व्यवस्था की गई है। जोशीमठ नगर क्षेत्र से 43 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से शिफ्ट कर लिया गया है। भू-धसाव बढ़ने से खतरे की जद में आए भवनों को चिन्हित किया जा रहा है। राहत शिविरों में बिजली, पानी, भोजन, शौचालय एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना द्वारा लगातार स्थिति की समीक्षा की जा रही है। अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी सहित प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद हैं।एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस सुरक्षा बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से जोशीमठ शहर में भूधंसाव की जद में 500 से ज्यादा भवनों में दरारें आ गई हैं। अब इस मसले पर सरकार गंभीरता से कदम आगे बढ़ा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। इसमें मुख्य सचिव डा एसएस संधु व दोनों अपर मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगी। रोपवे से औली गए अग्रिम बुकिंग वाले 45 पर्यटकों को रोपवे बंद होने के कारण पर्यटन विभाग वाहनों से जोशीमठ लाया। फरवरी तक रोपवे की अग्रिम बुकिंग थी। शीतकाल में हिमक्रीड़ा स्थल औली में ट्रेकिंग और स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। लेकिन, जोशीमठ के भूधंसाव ने पर्यटकों को भी भयभीत कर दिया है। इससे भी पर्यटकों की संख्या लगातार कम हो रही है। इन दिनों प्रतिदिन दो हजार से अधिक पर्यटक व तीर्थयात्री जोशीमठ और औली पहुंच रहे हैं। हालांकि, पर्यटक जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव से भयभीत होकर वहां रुकने से डर रहे हैं। औली में भूधंसाव का कोई खतरा नहीं है, लेकिन वहां पर ठहरने के लिए सीमित संसाधन हैं। चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ाव कर्णप्रयाग में बदरीनाथ यात्रा मार्ग से लगे भवनों में भूधसाव से मकानों में दरारें बढ़ती जा रही हैं, जिससे यहां बसे लोग भय के साए में रातें गुजार रहे हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से भूस्खलन वाले क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। गुरुवार को चमोली भ्रमण पर आए सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर सीएस पांडे ने बहुगुणा नगर एवं मंडी परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय निवासियों को सुरक्षा के इंतजाम जल्द शुरू करने का भरोसा दिलाया। बीते दो साल के दौरान मंडी परिषद से लगी भूमि के ऊपरी हिस्से में बसे बहुगुणा नगर के 30 से अधिक भवन भूधंसाव की जद में आने के बाद 12 परिवार किराए के मकानों में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं भूस्खलन का दायरा मंडी परिषद से आइटीआइ तक बढ़ गया है। निरीक्षण को पहुंचे सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर सीएस पांडे से प्रभावितों ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मोहन सिंह बुटोला ने बताया कि बहुगुणा नगर का सर्वे आइआइटी के भूगर्भीय वैज्ञानिकों की टीम ने किया है, जबकि दूसरे चरण में वैज्ञानिकों की टीम की ओर से मंडी परिषद, आइटीआइ सहित नगर के अन्यत्र भूस्खलित क्षेत्रों का सर्वे किया जाना है। इसके बाद बाद सिंचाई विभाग की ओर से सुरक्षा के उपाय शुरू किए जाएंगे।

# सुरंग में लगातार विस्फोट से ही हो रहा भू-धंसाव!

### एनटीपीसी की विष्णुगाड़-तपोवन जल विद्युत परियोजना की टनल को भी भू-धंसाव की वजह बताया जा रहा,जोशीमठ में सभी निर्माण कार्यों पर रोक

देहरादून( उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा की बढ़ती संभावनाओं को लेकर अब विकास परियोजनाओं के लिये किये जा रहे विसफोट को लेकर चिंता सता रही है। जोशीमठ में भू-धंसाव को लेकर बृहस्पतिवार को क्षेत्र में बाजार पूरी तरह से बंद रहा। प्रभावित लोगों ने दिनभर बदरीनाथ हाईवे पर चक्काजाम रखा। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि जोशीमठ में भूमिगत टनल के निर्माण को लेकर विस्फोट किए जा रहे हैं। जिससे जोशीमठ नगर में भू-धंसाव हो रहा है। जिसके बाद भू-धंसाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने जोशीमठ में सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। इनमें एनटीपीसी की सभी परियोजनाएं, हेलंग बाईपास का निर्माण और नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे सभी तरह के निर्माण शामिल हैं जोशीमठ में बढ़ते भू-धंसाव और तेज होते आंदोलन के बीच बृहस्पतिवार को जिला प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। अपर जिलाधि



कारी अभिषेक त्रिपाठी ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 33 और 34 के तहत अग्रिम आदेशों तक तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना के तहत चल रहे सभी निर्माण कार्यों पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी। वहीं, हेलंग-मारवाड़ी बाईपास का निर्माण कार्य भी तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश जारी कर दिए हैं। उधर, नगर पालिका क्षेत्र जोशीमठ में चल रहे सभी तरह के निर्माण कार्यों पर भी पाबंदी लगा दी गई है। अपर जिलाधिकारी ने जोशीमठ के कोतवाल को आदेश दिए हैं कि वह सभी जगहों पर निर्माण कार्यों की रोक को सुनिश्चित करें। वहीं, एनटीपीसी की विष्णुगाड़-तपोवन जल विद्युत परियोजना की टनल को भी जोशीमठ भू-धंसाव की वजह बताया जा रहा है। इस पर एनटीपीसी ने बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि एनटीपीसी की ओर से जो टनल बनाई जा रही है, वह जोशीमठ शहर के नीचे से नहीं जा रही है। इसका निर्माण टनल बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। एनटीपीसी ने किसी भी तरह के विस्फोट से भी इन्कार किया है। चमोली जिले में धौलीगंगा नदी पर एनटीपीसी की ओर से वर्ष 2006 से 520 मेगावाट की तपोवन विष्णुगाड परियोजना बनाई जा रही है। इसमें 130 मेगावाट की चार पेल्टन टरबाइन और धौलीगंगा नदी पर निर्मित एक बैराज शामिल होगा। यह बैराज 200 मीटर लंबा और 22 मीटर ऊंचा होगा। इसमें 12 मीटर ऊंचे और 14 मीटर चौड़े चार गेट होंगे। जिला प्रशासन की रोक के बाद तपोवन में बैराज साइड निर्माण कार्य और सुरंग के अंदर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) को निकालने का काम रुक गया है। सरकार का मानना है कि चारधाम ऑलवेदर रोड के तहत हेलंग-मारवाड़ी बाईपास बनने पर जहां बदरीनाथ धाम की दूरी 30 किलोमीटर कम हो जाएगी तो वहीं चीन सीमा क्षेत्र में सेना की आवाजाही आसान हो जाएगी। जोशीमठ नगर के निचले हिस्से में करीब पांच किलोमीटर तक इसका निर्माण हो रहा है। पूर्व में इसके विरोध में आंदोलन हुआ था और इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा था। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने चीन सीमा क्षेत्र तक सेना की आवाजाही को सुगम बनाने का हवाला देते हुए बाईपास निर्माण को जरूरी बताया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने निर्माण को हरी झंडी दे दी थी। फिलहाल जिला प्रशासन ने इसका निर्माण भी रोक दिया है।

# सरकार कर रही किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार: हरीश रावत

### पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस नेताओं ने गांधी पार्क में किया मौन प्रदर्शन

देहरादून( उद संवाददाता)। जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावितों की मदद में देरी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एक घंटा मौनव्रत रखा। उन्होंने सरकार से तत्काल विस्थापन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। गुरुवार को गांधी पार्क में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत कार्यकर्त्ताओं के साथ पहुंचकर मौन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जोशीमठ जगदगुरु शंकराचार्य की तपोभूमि है। जिस तरह से जोशीमठ का बड़ा क्षेत्र भूधंसाव से प्रभावित हो रहा है। यदि समय पर प्रभावितों का विस्थापन और समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनेगी। जोशीमठ को बचाने के लिए एक्पर्ट की टीम भेजी जानी चाहिए। जिससे वहां के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट को टाला जा सके। पूर्व सीएम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है। कई



वर्षों से जोशीमठ में भूधंसाव के संकेत मिल रहे थे। लेकिन, सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र का जनमानस खतरे से जंग से लड़ रहा है। वहां के लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। लेकिन, सरकार की ओर से उन लोग तक न तो राहत सामग्री पहुंचायी जा रही, नहीं विस्थापन की व्यवस्था की जा रही है। जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उनकी तत्काल रिपोर्ट तैयार कर सार्वजनिक की जानी चाहिए। कहा प्रभावितों के साथ कांग्रेस पूरी तरह से खड़ी है। किसी भी व्यक्ति का अहित नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व विधायक मनोज रावत, पृथ्वीपाल चौहान, आचार्य नरेशानंद नौटियाल, महेंद्र नेगी, ओम प्रकाश सती, सुशील राठी, श्याम सिंह चौहान, रितेश क्षेत्री, संजय थापा, वीरेंद्र पोखरियाल, अमित रावत, मनीष नागपाल, मोहन काला, आयुष, मनमोहन शर्मा, गुल मोहम्मद, सूरज क्षेत्री , मुकेश गैरोला, वीर सिंह, पीयूष जोशी, शकील मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

देहरादून। जोशीमठ में आई आपदा से ज्योर्तिमठ प्रबंधन भी चिंतित है। ज्योर्तिमठ में नगर में प्रभावितों सहित आमजन को भोजन वितरण कर मुख्यमंत्री से तत्काल प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक नगरी जोशीमठ में भूधंसाव व आवासीय भवनों के क्षतिग्रस्त होने पर आदि गुरू शंकराचार्य ज्योर्तिमठ के संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जोशीमठ आदि गुरु शंकराचार्य की ओर से स्थापित चार मठों में से प्रमुख मठ है। यह धार्मिक स्थल आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दीस्थल होने के साथ ही देश के चार धामों में प्रमुख बदरीनाथ धाम का मुख्य आधार



स्थल पर भी है। इसी स्थान पर शंकराचार्य की ओर से स्थापित पौराणिक नृसिंह मंदिर है, जो करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निरंतर भूधंसाव के चलते ज्योर्तिमठ को भी नुकसान पहुंचा है। नगर में आवासीय भवनों को भी क्षति पहुंची है तथा जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त है। यह क्षेत्र भूंकप की दृष्टि से जोन-पांच में आता है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि इस धार्मिक नगरी को बचाने के लिए सरकार को अविलंब कदम उठाते हुए प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना चाहिए।

# एशियन एकेडमी के छात्रों का खिलाड़ी उन्नयन योजना में चयन

चौकोड़ी/धरमघर(उद संवाददाता)।द एशियन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकोड़ी के चार छात्रों का चयन खिलाड़ी उन्नयन योजना छात्रवर्ती के लिए चयन हुआ है।उन्हें मुख्यमंत्री राज्य उदयमानयोजना के तहत पुरुस्कृत किया जाएगा।विद्यालय परिवार द्वारा अध्यनन रत छात्रो को विभिन्न प्रतिभाओं में उत्कृष्ठ




प्रदर्शन के लिए विद्यायल में पठन पाठन के साथ विभिन्न प्रकार के खेलकूद और ज्ञान कौशल सम्बंध ी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है।वही विद्यालय में देश प्रदेश के विभिन्न प्रदेशों के छात्र भी विद्यालय में बोर्डिंग में रहते है।छात्रों का चयन उदयमान उन्नयन योजना में चयन होने पर स्कूल के संस्थापक श्री श्री 1008 हिमालय पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी वीरेंद्रानंद गिरि महाराज श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा ने राज्य सरकार द्वारा ऊपरोक्त स्कूल के विद्यार्थियों के चयन होने पर सभी खिलाड़ियों को साधुवाद दिया। तथा अध्ययनरत छात्रों को निरन्तर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना और विद्यालय परिवार का नाम रोशन करने की अपील की।वही विद्यालय कोच को भी छात्रों को खेल प्रतिभा निखारने में उन्हें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा से छात्रो को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा हेतु दक्षता में महारथ देने की अपील की।

# उत्तरायणी मेले में सीएम के आने की संभावना

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि उत्तरायणी मेले को भव्य बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा के मेले के शुभारंभ पर यहां आने की संभावना है। कार्यकर्ता मेले को व्यवस्थित और सुंदर बनाने में सहयोग करेंगे। भाजपा कार्यालय मंडलसेरा पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तरायणी मेला पौराणिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, व्यापरिक और सांस्कृतिक है। जिसे भव्य बनाने की



सबकी जिम्मेदारी है। मेले को लेकर मुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री के आने की संभावना है। उनके स्वागत के लिए भी कार्यकर्ता तैयार रहेंगे। कार्यकर्ता अधिकाधिक संख्या में मेले से जुड़ेंगे। मेले को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी भी लें। इस दौरान जिला महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जोशी, खड़क टंगड़िया, आनंद धपोला, जीवंती कांडपाल, आशा फुलारा, रवि करायत, विक्रम शाही, दीपा आर्या, जनार्दन लोहनी, सुनील दोसाद, नवीन परिहार, प्रकाश साह, मंगल राणा आदि उपस्थित थे।


## शीघ्र आवश्यकता है

SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1.**रिसेप्शनिष्ट( महिला )**–(1),**योग्यता**–स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**–(1)**योग्यता**–B.C.A. /**बी.कॉम,** अनुभव–दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**– (25), **योग्यता**–हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन–20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**– (1) योग्यता–स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) –पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

## अरोरा डेन्टल केयर

Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

## वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# कोसी नदी में युवक को शव मिलने से सनसनी

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)।कोसी नदी में एक युवक का शव मिलने से नदी मे सनसनी फैल गई ।शव की सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते



ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के काशीपुर भेज दिया। जानकारी के अनुसार चौकी क्षेत्र के कोसी नदी में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया जहां पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिससे सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।चौकी इंचार्ज जगत सिंह शाही ने बताया कि युवक की शिनाख्त मुकेश शर्मा पुत्र स्व.वेदप्रकाश शर्मा के रूप मे हुई है शव को पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# घायल श्रमिक की जान बचाना पहली प्राथमिकता: डॉ सोलंकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। सिद्धार्थ पेपर मिल के कोटिंग रोल में फंसकर एक टांग गवाने वाले श्रमिक की हालत निजी अस्पताल में लगातार नाजुक बनी है। पिछले 48 घंटों से उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। हालांकि चिकित्सक डॉ तरुण सोलंकी ने बताया कि घायल श्रमिक को वेंटिलेटर से हटाया गया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री कर्मी की जान बचाना उनकी पहली प्राथमिकता है। लेकिन दूसरी ओर घटना के बाद से अस्पताल में पड़े मरीज के तीमारदार उसके स्वास्थ्य को लेकर संशय की स्थिति में है। हादसे के बाद से परिजनों में नीम सन्नाटा पसरा है। अपुष्ट सूत्रों की माने तो घायल फैक्ट्री कर्मी की हालत अत्यधिक नाजुक होने के कारण जरूरत पड़ने पर चिकित्सक उसके दूसरे पैर को भी काट सकते हैं। उधर सिद्धार्थ पेपर मिल की यूनिट 3 में घायल श्रमिक के साथ काम करने वाले अन्य कर्मचारियों की हालत मारे डर के बिगड़ी हुई है। सिद्धार्थ पेपर मिल में माह के भीतर यह तीसरा हादसा घटित हुआ। इसके पूर्व भी यह पेपर मिल बड़े हादसों का गवाह रही है। समूचे घटनाक्रम में काबिले गौर पहलू यह है कि पेपर मिल में ताबड़तोड़ तरीके से घटित हो रहे बड़े हादसों के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी संदिग्ध चुप्पी साधे हुए हैं।

# बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया

## टैक्सी चालक जागरूक नागरिक होने का परिचय दिया

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर चलाये जा रहे जनजागरूकता अभियान का सार्थक असर देखने को मिला। टैक्सी चालक नंदन राम निवासी पाण्डेखोला,



अल्मोड़ा ने जागरूक/ जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देते हुए महिला थाना अल्मोड़ा में फोन कर सूचना दी एक बालिका जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है, काफी देर से टैक्सी स्टैण्ड के पास घूम रही है,उक्त बालिका से पूछताछ की गयी तो कुछ नही बता रही है। सूचना पर महिला थानाध्यक्ष बरखा कन्याल थाने की महिला पुलिस कर्मियों के साथ टैक्सी स्टैण्ड अल्मोड़ा पँहुची और टैक्सी स्टैण्ड पर मौजूद उक्त बालिका से उसका नाम पता पूछा तो वह कुछ भी नही बता रही थी महिला थानाध्यक्ष ने उससे बातचीत कर समझाया बुझाया और कोई परेशानी होने पर सहायता करने का भरोसा दिया जिस पर बालिका ने अपना नाम व स्वयं कपकोट बागेश्वर का होना बताया तथा उसके पास मौजूद पर्स से उसका आधारकार्ड बरामद किया जिसके अनुसार बालिका की उम्र 16 वर्ष थी बालिका के नाबालिग होने पर महिला थानाध्यक्ष द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से उसे अपने संरक्षण में महिला थाना लाया गया। परिजनों से सम्पर्क कर किया। परिजनों से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उनकी लड़की बिना बताये घर से गायब हो गयी थी, जिसके गुम होने से सभी परेशान थे। परिजनों को महिला थाना अल्मोड़ा बुलाया गया और उनके थाने में आने पर बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। बालिका के परिजनों ने टैक्सी चालक नंदन राम व अल्मोड़ा पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# आवास विकास गुरुद्वारे में शबद कीर्तन,लंगर का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सिख पंथ के दसवे गुरु गोविंद सिंघ का 356वां जयंती प्रकाश पूरब बड़ी ही आस्थापूर्वक एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान आवास विकास गुरुद्वारे में जहां धार्मिक दीवान सजाया गया। वहीं बाहर से आए रागी जत्थों ने शबद कीर्तन के माध्यम से गुरु की महि मा का बखान किया। जिसे सुनकर मौजूद संगत निहाल हो गई और वातावरण गुरुमय हो गया। गुरुवार की सुबह आवास विकास दशमेश नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में गुरुगोविंद सिंघ का प्रकाश पूरब आस्थापूर्वक मनाया गया। जहां धार्मिक दीवान सजाया गया,तो वहीं हजारों की तादाद में संगत ने गुरु घर में मत्था टेका और गुरु की महिमा का बखान सु ना। जिसे सुनकर संगत निहाल हो गई और माहौल गुरुमय हो ग या। इस दौरान अमृतसर से आए रागी भाई शौकीन सिंह,कपूरथला से आ ए कथावाचक गुरदीप सिंह,पंजाब से आए टाडी जत्था कौर खालसा ,भाई खजान सिंह,रेशम सिंह,हरविंदर सिंह,पवनदीप सिंह,कुल दीप सिंह,कुलवंत सिंह रसीला द्वारा शबद कीर्तन एवं कथा के माध्य म से गुरु की महिमा का बखान किया। इस दौरान गुरुद्वारे के प्रधान ने बताया कि गुरुगोविंद सिंघ की जयंती को लेकर 24दिसंबर से चार जनवरी तक सभी गुरुद्वारों की प्रभात फेरियां निकाली गई। जो अलग अलग वार्डो में जाकर गुरु की महिमा का बखान कर रही थी। पांच जनवरी को जयंती के मौके पर गुरुद्वारे में धार्मिक दीवा न सजाया गया और संगत को गुरु का लंगर बांटा गया। इस मौके पर सचिव बलविंदर सिंह,शरदा सिंह,चनन सिंह,राजन सिंह,भजन सिंह,भूपेंद्र सिंह, गुरमुख सिहं,प्रीतम सिं ह,बजिंदर सिंह, गुरदीप सिंह,राजेंद्र सिंह,रणधीर सिंह, अजीत सिंह,जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने दी माइन संचालक को चेतवानी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद भाटनीकोट की महिलाओं ने अब माइन संचालक को ही चेतावनी दे डाली है। सख्त लहजे में कहा है कि यदि छह जनवरी तक सड़क पर रखे कट्टे नहीं हटाए गए तो वह सड़क पर बैठकर आंदोलन करेंगे। मनमानी कतई नहीं होने दी जाएगी। सूरज स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं गुरुवार को सड़क पर पहुंची और सनसाइन माइंन खुलदौड़ी के मेहरमान सिंह राठौर के नाम संबोधित ज्ञापन माइन संचालक को दी। महिलाओं का कहना है कि उनके द्वारा भाटनीकोट सड़क पर खड़िया के कट्टों का भंडारण किया जा रहा है। इससे जहां उन्हें धूल फांकनी पड़ रही है वहीं जाम भी लग रहा है। जानवरों के चारा पत्ती लेने जा रही महिलाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां पर भंडारण हो रहा हैं वहां से एक किमी दूरी पर दो स्कूल हैं। बच्चों को स्कूल भेजने में भी परेशानी हो रही है। खच्चरों के आने से बच्चों के गिरने का खतरा बना हुआ है। मौखिक शिकायत के बाद भी भंडारण हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भंडारण नहीं हटाया गया तो छह जनवरी से महिलाएं सड़क पर बैठकर आंदोलन करेंगी। भंडारण कतई नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर सूरज स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष मीना देवी, सचिव ललिता देवी, कोषाध्यक्ष भावना देवी मौजूद रहीं।


## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 क्रमांक 176 पर श्री फिरासत अली पुत्र श्री शाहिद अली का नाम अंकित है जिसको इकरारनामा बिक्री पर समीम पत्नी असलम अली निवासी वार्ड नं0 10 ने क्रय की है जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में अपने नाम से नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है जो गृहकर अभिलेखो में समीम पत्नी असलम अली निवासी वार्ड नं0 10 के नाम से नामान्तरण के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।
–अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,गदरपुर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा बिंदुखेड़ा स्थित देव होम्स निर्माण में प्लॉट नंबर एफ 25 को पूरे 10% के डाउन पेमेंट के साथ 01.10.2021 को बुक कर एडवांस राशि दी जा चुकी है। अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मुझे अधिकार प्राप्त है एवं देव होम्स के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को संबंधित भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा। अगर संबंधित भूमि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय, विक्रय, अनुबंध उत्पन्न होता है तो यह अवैध एवं गैर कानूनी माना जाएगा। उक्त सूचना से संबंधित अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, ट्रस्ट, फर्म, साझेदारी इत्यादि को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों, साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।
**श्रीमती विशालिनी अरोरा पत्नी श्री राजकुमार अरोरा**
निवासी- 364, रिंग रोड़, आवास विकास, रूद्रपुर (उ0सिं0नगर)

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा बिंदुखेड़ा स्थित देव होम्स निर्माण में प्लॉट नंबर जी 08 को पूरे 10% के डाउन पेमेंट के साथ 30.9.2021 को बुक कर एडवांस राशि दी जा चुकी है। अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मुझे अधिकार प्राप्त है एवं देव होम्स के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को संबंधित भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा। अगर संबंधित भूमि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय, विक्रय, अनुबंध उत्पन्न होता है तो यह अवैध एवं गैर कानूनी माना जाएगा। उक्त सूचना से संबंधित अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, ट्रस्ट, फर्म, साझेदारी इत्यादि को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों, साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।
**श्रीमती नेहा नारंग पत्नी श्री निवेश अरोरा**
निवासी 140/5, आवास विकास, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा बिंदुखेड़ा स्थित देव होम्स निर्माण में प्लॉट नंबर एफ 17 को पूरे 10% के डाउन पेमेंट के साथ 02.10.2021 को बुक कर एडवांस राशि दी जा चुकी है। अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मुझे अधिकार प्राप्त है एवं देव होम्स के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को संबंधित भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा। अगर संबंधित भूमि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय, विक्रय, अनुबंध उत्पन्न होता है तो यह अवैध एवं गैर कानूनी माना जाएगा। उक्त सूचना से संबंधित अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, ट्रस्ट, फर्म, साझेदारी इत्यादि को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों, साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।
**श्रीमती साक्षी चावला पत्नी श्री सुरेन्द्र चावला**
निवासी बी 10, बत्रा कालोनी, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा बिंदुखेड़ा स्थित देव होम्स निर्माण में प्लॉट नंबर जी 07 को पूरे 10% के डाउन पेमेंट के साथ 30.9.2021 को बुक कर एडवांस राशि दी जा चुकी है। अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मुझे अधिकार प्राप्त है एवं देव होम्स के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को संबंधित भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा। अगर संबंधित भूमि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय, विक्रय, अनुबंध उत्पन्न होता है तो यह अवैध एवं गैर कानूनी माना जाएगा। उक्त सूचना से संबंधित अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, ट्रस्ट, फर्म, साझेदारी इत्यादि को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों, साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।
**श्रीमती नीलम अरोरा पत्नी श्री विनोद कुमार**
निवासी 140/5, आवास विकास, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा बिंदुखेड़ा स्थित देव होम्स निर्माण में प्लॉट नंबर एफ 26 को पूरे 10% के डाउन पेमेंट के साथ 30.9.2021 को बुक कर एडवांस राशि दी जा चुकी है। अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मुझे अधिकार प्राप्त है एवं देव होम्स के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को संबंधित भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा। अगर संबंधित भूमि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार, क्रय, विक्रय, अनुबंध उत्पन्न होता है तो वह अवैध एवं गैर कानूनी माना जाएगा। उक्त सूचना से संबंधित अगर किसी व्यक्ति, संस्थान, ट्रस्ट, फर्म, साझेदारी इत्यादि को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों, साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।
**श्रीमती राशिम अरोरा पत्नी श्री सागर अरोरा**
निवासी 140/5, आवास विकास, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)

# ट्रांजिट कैंप में फटा सिलेंडर, घरों की उड़ी छत

## सात घायल लोगों को अस्पताल में किया भर्ती,किचन में नया सिलेंडर चैक करते समय माचिस जलाने से हुआ भयानक हादसा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत सायं ट्रांजिट कैंप में एक घर की रसोई में गैस सिलिंडर फटने से धमाका हो गया। जिससे कई लोग घायल हो गये है। धमाका इतना जबरदस्त था कि घर की छत उड़ गई और दीवार ध्वस्त हो गई। इसके साथ ही पड़ोस के दो और घरों की छत भी छतिग्रस्त गई है। हादसे में किचन में मौजूद किशोरी और उसके फूफा बुरी तरह झुलस गए जबकि पड़ोस के घरों में मौजूद दोपरिवारों के







चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भेजने के साथ ही तीन घरों को सील कर दिया। वहीं सिलेंडर फटने के सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक शिव आरोरा, मेयर रामपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि भी ट्रांजिट कैंप पहुंचे और घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भेजा। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बहेड़ी, जिला बरेली व हाल में कृष्ण कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप निवासी प्रेम नारायण कश्यप राजमिस्त्री का काम करते हैं। वह मंगलवार को गैस एजेंसी से सिलिंडर खरीद कर लाया था। घटना होने के आधा घंटा पहले उसका बहनोई बहेड़ी निवासी भूपराम उसके घर पहुंचा था। फूफा के आने के बाद नीतू खाना बनाने के लिए किचन में गई थी। बृहस्पतिवार की शाम प्रेम नारायण काम पर गया था जबकि उसकी पत्नी सिडकुल स्थित एक कंपनी में ड्यूटी करने गई थी। घर में उसकी बेटी नीतू व बहनोई भूपराम मौजूद थे। प्रेम ने बताया कि शाम को नीतू खाना बनाने के लिए किचन में गई थी। सिलिंडर खत्म होने पर उसने दूसरा सिलिंडर लगाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं लगा सकी। नीतू ने फूफा भूपराम को आवाज दी तो उसने सिलिंडर को चूल्हे में फिट किया।चेक करने के लिए जैसे ही भूपराम ने माचिस जलाई तो वहां भयंकर धमाका हो गया। धमाके में नीतू (17) और भूपराम (41) बुरी तरह झुलस गए। इसके साथ ही किचन की दीवारों में दरार आ गई और हादसे में घर की एक दीवार के अलावा पड़ोस में स्थित दो घरों की छत गिर गई जिसमें कल्पना (36), उसकी बेटी दीपिका (6), बेटा दीपांकर (13) और दूसरे घर में मौजूद मदनलाल की बेटी विनीता (15) घायल हो गई। घटना के बाद घायलों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घायलों को घर से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर ट्रांजिट कैंप पुलिस के साथ ही विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों जिला अस्पताल पहुंचाया गया। नीतू और भूपराम का चेहरा बुरी तरह झुलस गया जबकि बाकी लोगों के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। एसडीएम प्रत्यूष सिंह ने बताया कि प्रभावित परिवार के सदस्यों को नजदीक के एक स्कूल में ठहरा दिया गया है। उनको कंबल मुहैया कराया गया व खाने का इंतजाम भी करा दिया गया है। सूचना मिलने पर मेयर रामपाल ने घटना स्थल पर जानकारी लेने के साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मेयर ने अस्पताल प्रशासन से शीघ्र अति शीघ्र उचित इलाज एवं हर संभव मदद के लिए अनुरोध किया।




## सिलेंडर फटने से घायल हुए लोगों को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प कृष्णा कालोनी में गैस रिसाव के कारण सिलेंडर फटने की घटना से नौ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने तत्काल घायलों को अपने वाहन जिला अस्पताल पहुँचवा कर अविलम्ब डॉक्टरों की टीम से वार्ता कर इलाज हेतु भर्ती करवाया। विधायक शिव अरोरा ने घटना स्थल पर ही रुद्रपुर एस डी एम से दूरभाष पर वार्ता कर घटना स्थल का मौका मुआयना करने हेतु निर्देशित कर घटना में घायलों के नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजे हेतु रिपोर्ट बनवाने को कहा। वही विधायक ने घायलों के परिवारों को स्थानीय कार्यकर्ताओ के सहयोग से सुरक्षित स्थान पर उनके रुकने का प्रबंधन करवाया जहाँ उनके खाने रहने व ठंड से बचने की उचित व्यवस्था करवाई गयी।विधायक ने कहा निश्चित रूप से यह घटना से आस पास के क्षेत्र में काफी



घरों को नुकसान हुआ है लेकिन समय रहते घायलों को उचित इलाज के चलते काफी बचाव हो गया। घायलों में तीन छोटे बच्चे भी थे और आस पास के मकान काफी क्षतिग्रस्त हो गये। शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से इस संकट घड़ी में उनका विधायक हर सम्भव मदद हेतु सदैव तत्पर है और पीड़ित परिवार की हर प्रकार से सहायता की जायेगी । इस दौरान मोके पर ट्रांजिट कैम्प एसओ सुंदरम शर्मा, भाजपा नेता धीरेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# अभाविप ने धूमधाम से निकाली भव्य शोभा यात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तरांचल प्रान्त के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में प्रदेश भर से आये छात्र छात्राओं द्वारा रुद्रपुर मुख्य बाजार में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का भगत सिंह चौक पर विधायक शिव अरोरा द्वारा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार की उपस्थिति में पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। प्रांत अधिवेशन में उत्तराखंड के सभी जिलों से छात्र छात्राएं जनता इंटर कालेज में एकत्र हुए । जहाँ राष्ट्र से लेकर प्रदेश स्तर तक के विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा। शोभायात्रा रुद्रपुर के प्रमुख स्थानों से होते हुए गुजरी जिसका विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में भाजपाईयों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा सबसे बड़े छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद छात्र छात्राओं के हित के लिये वर्षो वर्ष से कार्य करता आ रहा हैं । निश्चित रूप से





विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरणा लेकर ज्ञान शील एकता के संकल्प को आगे ले जाते हुए निरंतर राष्ट्र हित समाज हित छात्र हित मे कार्य कर रहा हैं। शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से रुद्रपुर निकली भव्य शोभायात्रा जिसमे उत्तराखंड के अलग अलग जिलो से आये छात्र छात्राओं द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित झाकियां निकली गयी जो सभी के लिये आकर्षक का केंद्र रहा। विधायक ने बताया विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्र से लेकर प्रदेश को ऐसे ऐसे नेता दिये हैं जो प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर देश मे बड़े बड़े मंत्री के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदेश अधिवेशन काफी लंबे समय बाद रुद्रपुर में हो रहा है जिसको लेकर काफी उत्साह है और यह युग युवाओं का है और युवाओं के लिये विद्यार्थी परिषद बेहतर विकल्प है जहाँ देश प्रेम राष्ट्र सेवा कार्य के लिये प्रेरित किया जाता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल , गुजन सुखीजा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उपेंद्र चौधरी, अमित नारंग, शालनी बोरा, सुरेश कोली, रंजन बर्गली,हरीश भट्ट सुशील यादव, सोनू अनेजा, सुनील यादव, धीरेश गुप्ता, राजेश जग्गा, संजीव शर्मा, सुरेश शर्मा, मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़, मदन दिवाकर, ललित बिष्ट, राजेन्द्र राठौर, डी के गंगवार व अन्य लोग मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# खनन का खेल: सरयू नदी में बनाई गई सड़क ध्वस्त

## जिलाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण,उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में खान अधिकारी व राजस्व विभाग की टीम ने मारा छापा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मीडिया में नदी में उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाने की खबर प्रकाशित होने के बाद गुरूवार को जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इतना ही नहीं खनन माफियाओं द्वारा नियम कायदों को ताक पर रख कर नदी के बीचों बीच बना डाली औरधड़ल्ले से खनन के डंपर संचालित किये जा रहे थे। अब जिलाधिकारी के सख्त आदेश के बाद उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में खान अधिकारी व राजस्व विभाग की टीम ने नदी का दौरा किया तथा वहां अवैध तरीके से बनाई गई सड़क को ध्वस्त कर दिया साथ ही एकत्र किया गया रेता-कंकड़ को नदी में डलवाया। बता दें कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी जनपद के बैजनाथ, कपकोट व नगर के कठायतबाड़ा,बिलौना में सरयू नदी में जेसीबी से खनन किया जा रहा है।प्रशासन समेत खान विभाग व राजस्व पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी थी तथा नदियों से डंपिंग जोन से खनन सामग्री उठाने के नाम पर खनन सामग्री से क्रशर स्वामी मालामाल हो रहे है।ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानने के बाद भी आंखे बंद किए हुए थे, सूत्रों के मुताबिक कपकोट में भी सरयू नदी में खनन तश्करो द्वारा खुलेआम बिना नपान के रोजाना सैकड़ो कुंतल खनन सामग्री एकत्र कर बेची जा रही थी,सूत्रों के मुताबिक स्टोन क्रशर संचालक मनमाने ढंग से खनन सामग्री एकत्र कर उसे क्रेशर में पीसकर लाखों के बारे न्यारे कर रहे है।पर जिम्मेदार विभाग सब कुछ जानने के बाद भी नदियों से कितनी खनन सामग्री निकाल कर एकत्र कर उसे बेच रहे है, कितना स्टॉक है उसकी नियमित जांच नही होने से और प्रशासन और खनन विभाग की अनदेखी से खनन सीमित स्टॉक दिखाकर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुँचाकर जिम्मेदारों से मिलीभगत कर नदियों से अवैध खनन सामग्री का चुगान कर रहे है, जबकि चर्चा आम है कि सीमित स्टॉक होने के बाद भी लगातार खनन सामग्री कम क्यों नही हो रही है। प्रतिदिन नदियों से दर्जनों डंफरो से माल ले जाते हुए देखे जा चुके हैं।ऐसा नही है कि राजस्वविभाग के अधिकारियों को इस सम्बंध में कोई मालूम है।पर जब मिलीभगत होगी तो जिम्मेदार को तो इसे रोकने के बजाय मुनाफा कमाने की होगी तो कार्रवाई कौन करेगा।लेकिन जिलाधिकारी ने इस सम्बंध में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए मनमानी करने वालों पर शिकंजा कसने के बजाय मिलीभगत करने वालों पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।बुधवार को जब मीडिया को अवैध खनन की सूचना मिली तो मौके पर जब यह देखा तो उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में वार्ता की।जिस पर प्रशासन चेता तथा दौरा किया। परंतु प्रशासन के पहुंचने से पूर्व ही तस्कर द्वारा वहां से पोकलैंड मशीन, कई डंपरों को वहां से हटा दिया गया। इधर गरुड़, कपकोट मार्ग में भी विभिन्न स्थानों में नदियों से खनन कर खनन सामाग्री को नदी से उठाकर क्रेशर संचालको द्वारा खनन सामग्री बेचने की सूचनाएं है।ऐसे में प्रशासन द्वारा एक ही स्थान पर जांच कर खनन तश्करो पर बड़ी कार्रवाई करने को दिखाना भी पूरी तरह से मनमानी करने वालों पर रोक लगाने की मंशा नही कहा जा सकता है।ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल वनवासी, और गणेश रावत ने खुलेआम नियमों की अनदेखी करने वालों को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई कर सभी स्थानों पर एकत्र खनन सामग्री, स्टोन क्रशर में उपलब्ध स्टॉक की जांच करने की मांग उठाई है।डीएम अनुराधा पाल के सख्त तेवर के बाद उपजिलाधिकारी हरगिरी, खान अधिकारी लेखराज समेत राजस्व विभाग की टीम खनन स्थल पर पहुंची तथा वहां जेसीबी के माध्यम से अब तक माफिया द्वारा बनाई गई सड़क को नष्ट करवाया साथ ही एकत्र किया गया रेत, पत्थर के भंडारण को नदी में डलवाया। इधर उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नदी में जेसीबी से खनन करने पर प्रशासन पर कई सवाल उठ रहे हैं।





# विशाल नगर कीर्तन में उमड़ी हजारों की संगत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाबगंज में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तत्वाधान एवं पंच प्यारों की अगुवाई में आयोजित नगर कीर्तन का लगभग 50 किलोमीटर पैदल चलते हुए संगतों ने सहभागिता करते हुए बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ स्वागत किया। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादा अजीत सिंह,जुझार सिंह,जोरावर सिंह,फतेह सिंह एवं माता गुजर कौर के अलावा अन्य शहीदों की झांकियों सहित अन्य दरबार साहिब अमृतसर ,केशगढ़ साहिब, हेमकुंड,श्री करतारपुर कारीडोर,गतका पार्टी, शब्दी जत्थे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। नगर कीर्तन प्रातः 7बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख अरदास के उपरांत रवाना हुआ जोकि ग्राम चक फेरी,छोटा बरसैना, बेरखेड़ी, बाबा का डेरा, गु.सांझा साहिब मोड़,माटखेड़ा मोड़,गु.सिंघ सभा बिलासपुर, मन्नत पैलेस,चीनी मिल, बंगाली कॉलोनी मोड, बारादरी मोड़, काशीपुर रोड, रुद्रपुर, ग्रीन पार्क, जाफरपुर,धौलपुर, महतोष ,रतनपुरा होता हुआ गुरुद्वारा हरगोबिंद सर नवाबगंज में संपन्न हुआ स नगर कीर्तन में रागी, ढाढी, शब्दी एवं कवि श्री जत्थे के अलावा गतका पार्टी अपने कला कौशल के प्रदर्शन करके संगत को आनंदित कर रहे थे जत्थेदार बाबा अनूप सिंह ने सभी संगत से अपने-अपने वाहनों में संगत को लाकर सेवा करने पर धन्यवाद कियां। बाबा अनूप सिंह युवा सेवादारों के साथ सतनाम वाहेगुरु का जाप करते हुए मर्यादा से नगर कीर्तन में शामिल होने पर नौजवानों का धन्यवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी संगत को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने अपने क्षेत्र के गुरु घरों की सेवा संभाल एवं गुरबाणी पाठ का भी संदेश दिया। श्रद्धालुओं द्वारा तोरण द्वार सजाते हुए गुरबाणी शबद कीर्तन के बीच विभिन्न तरह के प्रसाद एवं गुरु के लंगर की सेवा करके पुण्य कमाया वही प्रशासन द्वारा पुलिसकर्मियों की तैनाती करके सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया।




# गौरव बेहड़ को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक दरबार आवास विकास में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविन्द सिँह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने गुरद्वारे में माथा टेका और उपस्थित सभी संगत को शुभकामनायें दी और गुरुद्वारा प्रबंधकों की मांग पर 5 लाख रुपये विधायक निधि से गुरूद्वारे के निर्माण हेतु देने की घोषणा की।प्रबंधकों ने इस उपलक्ष में गुरु घर के प्यार के रूप में गौरव बेहड़



को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गौरव बेहड ने कहा कि विधायक बेहड़ निजी काम से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए। उनके आदेश पर उनके स्थान पर उन्हें रहने का शोभाग्य प्राप्त हुआ है, उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक का मान देने के लिए धन्यवाद दिया और सफल आयोजन की बधाई दी। इस अफसर पर गुरु का लंगर अटूट वर्ताया गया। इस अवसर पर सरवन सिंह, अवतार सिंह, सतपाल सिंह कक्कड, हरजीत कपूर, डिम्पल सिंह, प्रीतम सिंह मककड़,ओमप्रकाश दुआ, दलजीत कक्कड़, लवली कक्कड़, चन्दन पांडे,बलविंदर सिंह डिम्पल, दीप हंसपाल,अंग्रेज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# महतोष में नगर कीर्तन का जयकारों के साथ स्वागत

## गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा का 15 जनवरी को होगा शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती पर आयोजित महान नगर कीर्तन का श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों जगहों पर गुरु का लंगर एवं विभिन्न तरह के प्रसाद वितरण एवं तोरण द्वार




सजाकर जोरदार स्वागत किया गया। गुरद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज से चले नगर कीर्तन का विभिन्न मार्गो में स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।महतोष स्थित नवनिर्मित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधकों एवं संगत द्वारा दूध चाय एवं बिस्कुट के प्रसाद से देर रात्रि तक सेवा की गई। इस दौरान जत्थेदार बाबा अनूप सिंह ने कहा कि हजारों की गिनती में संगत ने नगर कीर्तन में सहभागिता करते हुए तन मन धन से सहयोग प्रदान किया उसके लिए वह तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि लगभग एक लाख से अधिक संगत ने नगर कीर्तन में सहभागिता की। इस अवसर पर बाबा दीप सिंह अखाड़ा के सदस्यों द्वारा गतके के जौहर दिखाते हुए श्रद्धालुओं को रोमांचित किया। गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार के प्रबंधक स. कृपाल सिंह, नौनिहाल सिंह एवं बलकार सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार महतोष् का विधिवत शुभारंभ 15 जनवरी दिन को प्रातः 9बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग के उपरांत होगा। तत्पश्चात 10से 2तक भारी दीवान सजाए जाएंगे और गुरु का लंगर आयोजित होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासी संगत से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। इस मौके पर बलवीर सिंह, महेंद्र सिंह गुंबर, इकबाल सिंह दूमड़ा, सतविंदर सिंह, एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह ,महेंद्र पाल सिंह पाहवा , महेंद्र दूमड़ा, कुलदीप सिंह, हरप्रभ सिंह , प्रभराज सिंह , ग्रंथी भाई कृपाल सिंह के अलावा मनदीप कौर, सुरजीत कौर, हरजीत कौर, गुरलीन कौर, जसवीर कौर, शान कौर सहित तमाम श्रद्धालुओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने लिया वरिष्ठ समाजसेवी का आशीर्वाद

गदरपुर(उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने निकटवर्ती ग्राम रजपुरा पहुँचकर वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेसी नेता हरविंदर सिंह विर्क का आशीर्वाद कम्बोज धर्मशाला में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ग्राम रजपुरा नंबर 1 निवासी युवा कांग्रेसी नेता गुरबाज सिंह विर्क के



प्राप्त किया।ज्ञात हो विगत कुछ समय से यूथ कांग्रेस के चुनाव चल रहे थे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सुमित्तर भुल्लर, जिलाध्यक्ष मनदीप नरवाल एवं बाजपुर विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अभिराज संधू की जीत हुई ।जिसको लेकर गदरपुर निवास स्थान पहुँचकर उनके पिता हरविंदर सिंह विर्क एवं अन्य बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही गुरबाज सिंह विर्क द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# हरित हाइड्रोजन मिशन

जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखते हुए तमाम देशों से अपने यहां कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने को कहा जा रहा है। इस बार के जलवायु सम्मेलन में तो कार्बन उत्सर्जन के अनुपात में मुआवजे के प्रावधान पर भी सहमति बनी है। ऐसे में हरित हाइड्रोजन के उपयोग से कार्बन पर काबू पाने में काफी मदद मिलेगी। फिर हाइड्रोजन मिशन में आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश का अनुमान लगाया जा रहा है। 2030 तक सवा लाख मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अनुमान है। इस मिशन के तहत छह लाख तक नए रोजगार सृजित होने की संभावना भी है। इस संदर्भ में भारत पहले ही सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्रोतों का इस्तेमाल शुरू कर चुका है। इसी कड़ी में हाइड्रोजन मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत पचास लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसका उपयोग ईंधन के रूप में वाहनों और इस्पात तथा तेल शोधन संयंत्रों में किया जाएगा। हाइड्रोजन के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। स्वाभाविक ही इसे बढ़ावा मिलने से कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी लाई जा सकेगी। भारत में कुल ऊर्जा खपत की करीब अस्सी फीसद बिजली कोयले से पैदा होती है। इससे कार्बन उत्सर्जन सबसे अधिक होता है। इसलिए बिजली की खपत कम करने और इसके वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देने पर जोर दिया जाता है। इस संबंध में सौर ऊर्जा उत्पादन का विशाल तंत्र विकसित किया जा रहा है। इसके लिए दुनिया के तमाम देशों से करार भी किया गया है।इस तरह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में हरित हाइड्रोजन बड़ा सहभागी साबित होगा। इसी तरह तेल शोधन और इस्पात शोधन संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन बहुत होता है। इनमें हरित हाइड्रोजन के इस्तेमाल से इस पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी। फिर, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पूरी दुनिया में यह चिंता पैदा हो गई है कि जैव ईंधन के भंडार पर बहुत लंबे समय तक निर्भर नहीं रहा जा सकता।जिस तरह औद्योगिक इकाइयों में बढ़ोतरी हो रही है, सड़कों पर वाहन बढ़ रहे हैं और हर काम-धंधा बिजली पर निर्भर होता जा रहा है, उसमें जैव ईंधन और बिजली संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति चुनौती बनती जा रही है। इसलिए तेल संबंधी जरूरतों को कम करने के लिए सौर ऊर्जा चालित वाहनों का चलन बढ़ रहा है। जैव ईंधन में एथेनाल आदि मिला कर बाहरी देशों पर ईंधन की निर्भरता घटाने की कोशिश की जा रही है। हरित हाइड्रोजन का उत्पादन चूंकि पानी में से आक्सीजन और हाइड्रोजन को अलग करके किया जाता है, इसलिए भारत को इसके लिए अधिक संसाधन जुटाने की भी आवश्यकता नहीं है। जिस तरह पूरे साल यहां सूरज की रोशनी मिलती है, जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन आसान है, उसी तरह हरित हाइड्रोजन के लिए भी पर्याप्त जल भंडार है। इस तरह भारत इस मिशन के जरिए न सिर्फ अपनी जरूर की स्वच्छ ऊर्जा पैदा कर सकता, बल्कि दूसरे देशों को भी उपलब्ध करा सकता है। जिस तरह सौर ऊर्जा मिशन के लिए दुनिया के तमाम देशों ने भारत से हाथ मिलाया, उसी तरह हरित हाइड्रोजन उत्पादन में भी निवेश की स्वाभाविक अपेक्षा की जाती है। जाहिर है, इससे 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में कटौती के अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में भी आसानी होगी।


Shri Shyam Properties


Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# मतदाताओं के लिए नया रिमोट वोटिंग सिस्टम

देश में इस साल नौ राज्यों में चुनाव होने हैं। चुनाव सुधार की दृष्टि से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है जो लोकतत्र की मजबूती के लिये क्र्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। । इस मशीन की मदद से अब मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह जाएगी। आयोग 16 जनवरी को सभी राजनीतिक दलों को इस मशीन का लाइव प्रदर्शन व प्रयोग करके दिखाएगा। इसे लागू करने से पहले आने वाली कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियों पर राजनीतिक दलों के विचार भी आमंत्रित किए जाएंगे। चुनाव सुधार की दृष्टि से यह पहल अमल में आती है तो ऐतिहासिक होगी। नतीजतन उन 45 करोड़ लोगों को वोट डालने का अवसर मिलेगा, जो अपने घरों से दूर रहते हैं। यह उपाय मत-प्रतिशत बढ़ाने का भी काम करेगा। यानी जनप्रतिनिधियों का चुनाव अधिकतम मतदाताओं के वोट डालने से होगा, जो लोकतंत्र को पारदर्शी बनाने का काम करेगा।आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए आरभीएम मशीन विकसित कर उल्लेखनीय पहल की है। इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते है। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। ऐसा लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनावों में होता है। चुनाव विशलेशज्ञों का तो यहां तक मानना है कि करीब 45 करोड़ लोग पलायन के चलते मतदान से वंचित हो जाते हैं। इसलिए लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इसी नजरिए से आयोग ने इन प्रवासियों के लिए आरवीएम प्रणाली शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया है। जाहिर है, 16 जनवरी को इस मुद्दे पर गंभीर विचार-विमर्श होगा। इस सिलसिले में आयोग ने दावा किया है कि यह मशीन त्रृटिहीन बनाई गई है, इसलिए मतदान निष्पक्ष होगा। हालांकि मतदान की इस प्रक्रिया को इंटरनेट से नहीं जोड़ा जाएगा। आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है, जिससे इसके प्रयोग की निष्पक्षता स्पष्ट हो जाए। बाद में इसे पूरे देश में अनिवार्य बना दियया जाएगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं।देश में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो अपना घर और शहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे शहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देश और आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते है कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैं, वहीं मतदान की सुविधा मिल जाए, इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस साल होने वाले 9 राज्यों के चुनाव में इसका प्रयोग संभव हो पाएगा ? लेकिन भविष्य में इसका प्रयोग होना तय है। 2023 में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव होना संभावित हैं। यदि यहां इस मशीन का इस्तेमाल होता है तो घाटी के उन घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मिल जाएगी, जो लाखों की संख्या में जम्मू समेत दिल्ली एवं अन्य राज्यों व नगरों में रह रहे है। ऐसा होता है तो उन अलगाववादी राजनीतिक दलों को बड़ी चुनौती पेश आएगी, जो अत्यंत सीमित मत प्रतिशत से सरकार बनाकर सत्ता का लाभ उठाकर संवैधानिक लोकतंत्र का मजाक उड़ाते रहे हैं। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। दूसरे दल भी 16 जनवरी को इसी तरह का विरोध जता सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे। क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लांख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। हालांकि जब भी चुनाव सुधार की दृष्टि से जो भी उपाय सामने लाया जाता है, तो विपक्ष उसका विरोध करता ही है। जब ईवीएम से मतदान अनिवार्य किया गया था, तब भी इसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए थे। आज भी जो दल चुनाव में हार जाता है, वह ईवीएम में गड़बड़ी के सवाल उठा देता है। लेकिन यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, क्योंकि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के अभियान चलाए जाने के बावजूद अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत से भी कम देखने में आ रहा है। इस नाते जन-प्रतिनिधित्व का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। अतएव इसे दूर करना आयोग समेत राजनीतिक दलों का नैतिक और संवैधानिक दायित्व बनता हैं कि वे उन मतदाताओं का मतदान कराएं, जो अनेक जरूरी कारणों से देश में ही प्रवासी बने हुए हैं। बावजूद आरवीएम व्यवस्था यदि इस्तेमाल से वंचित रह जाती है तो यह उन करोड़ों लोगों के साथ न्याय होगा, जो मतदाता होते हुए भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवेहलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्त्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है।मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी। क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहंमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पायेगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की छाया थी, तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिशत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ है, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। अतएव अधिकतम मतदान के हालात आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालात करता है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# स्पा सेंटर में देह व्यापार का धंधा,13 गिरफ्तार

देहरादून। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाने वाली संचालिका व प्रबंधक सहित 13 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें नौ युवतियां भी शामिल हैं। थानाध्यक्ष मनमोहन ने बताया कि बुधवार शाम को सूचना मिली कि राजपुर रोड वर्ड ट्रेंड टावर पर स्थित स्पा सेंटरों पर संचालकों की ओर से स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है। टीम ने तत्काल डालनवाला कोतवाली और एनजीओ एंपावरिंग पीपल, जिला विधिक प्राधिकरण के सदस्यों को साथ लेकर राजपुर रोड स्थित स्पा कैस्टल पर दबिश दी। सेंटर में स्पा के नाम पर देह व्यापार किया जा रहा था। इस दौरान कई आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री भी



मिली है। इस दौरान स्पा संचालक सहित कुल 11 महिलाओं और दो पुरुष ग्राहक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। स्पा सेंटर के संचालक की ओर से स्पा की आड़ में पहाड़ी व बाहरी राज्यों की महिलाओं के साथ मिलकर अनैतिक देह व्यापार का धंधा कराया जा रहा था। इस दौरान सेंटर की संचालिका आरोपित कैरोलिन उर्फ नैना मल्होत्रा निवासी डीएल चौक डालनवाला, फेलेपी निवासी ओल्ड नेहरू कालोनी धर्मपुर सहित नौ युवतियों व दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया है।

# युवक की मौत के मामले में कार चालक के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिनों किच्छा मार्ग पर कार की टक्कर से बाईक सवार युवक की हुई मौत के मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में छत्रपाल पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम अटाप्टी शुमाली थाना भोजीपुरा, बरेली ने कहा है कि 01 जनवरी 2023 को दोपहर उसका पुत्र प्रदीप कुमार अपने मामा प्रेम पाल पुत्र हजारी लाल निवासी राजा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प के साथ मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 सीडी 2864 पर बैठकर ट्रांजिट कैम्प से किच्छा जा रहा था। जब मोटर साईकिल किच्छा रोड पर होण्डा शोरूम के पास पहुंची तभी एक कार संख्या यूके 06 एडी 7908 के चालक ने लापरवाही से बाईक सवार उसके बेटे को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी हास्पीटल रैफर कर दिया। वहां डॉक्टर ने पुत्र प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आध ार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






## पेज एक का शेष...

**एमसीडी में मेयर..** दिलवाना। अगर जनता के फैसले का सम्मान नहीं कर सकते तो फिर चुनाव ही किसलिए? दिल्ली में मेयर का चुनाव रोचक होने वाला है। आम आदमी पार्टी के पास एमसीडी के सदन में बहुमत है, ये जानते हुए भी बीजेपी ने अपना मेयर उम्मीदवार उतारा है। आम आदमी पार्टी नंबर गेम में बीजेपी से कहीं आगे है। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर 14 में से 13 नामित विध ायक आप के हैं जो मेयर चुनाव में वोट डालेंगे। 10 सांसदों को भी वोटिंग अधि कार है जिसमें 7 बीजेपी के हैं तो 3 राज्यसभा सांसद आप के हैं। इसलिए कुल जिन 274 चुने हुए नुमाइंदों को वोटिंग का अधिकार है उसमें 150 की संख्या आम आदमी पार्टी के पास है जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास महज 113 वोट हैं। बीजेपी ने मेयर चुनाव के लिए सानियर नेता रेखा गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। जो कि तीसरी बार पार्षद बनी हैं। बीजेपी नंबर गेम में भले पीछे है लेकिन एमसीडी में दल-बदल कानून लागू नहीं होता है और ना ही कोई व्हिप काम करता है। अगर जोड़ तोड़ हुई तो संभावनाएं असीमित हैं।

**मेट्रो पोलिस हत्याकांड..**पूरे परिवार के साथ फरार हो गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरुरानी,प्रकाश भगत,मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह ,संजय कुमार,आरक्षी गुरवंत सिंह, सुरेंद्र कनवाल आदि भी शामिल थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गैंगस्टर एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु प्रदेश में मुहिम छेड़ी गयी है। एसटीएफ ने अपनी हिटलिस्ट के मुताबिक प्रत्येक शातिर इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के लिए एक अलग से कार्य योजना तैयार कर रखी है और उसी के मुताबिक इनामी अपराधि यों की गिरफ्तारी की जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप अब तक 22 शातिर इनामी अपराधी एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

**सड़क और नाली..**उन्होंने बताया कि मोहल्ले में सुशील रस्तोगी के घर से डालचंद के घर तक करीब 12 वर्ष पूर्व सड़क बनी थी। सड़क के जर्जर होना का साथ ही दोनों ओर बनी नालिया भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं । नालियों में बहने वाला गंदा पानी आज नालियों से बाहर निकलकर सड़क पर बह रहा है। इस कारण मोहल्ले के लोगों को परेशानियों से निरंतर जूझना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में संक्रामक रोग फैलने की आशंका प्रबल होती जा रही है। उन्होंने कहा मोहल्ले वासियों द्वारा कई बार सड़क एवं नाली निर्माण के लिए वार्ड पार्षद एवं निगम प्रशासन से आग्रह किया जा चुका है। लेकिन दोनों ही के द्वारा वार्ड वासियों की निरंतर उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनहित में आजाद नगर मोहल्ले की जर्जर सड़क एवं नाली का शीघ्र निर्माण नहीं कराया गया तो इसके खिलाफ आंदोलन तेज कर दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी वार्ड पार्षद एव निगम प्रशासन की होगी। प्रदर्शन करने वालों में शिल्पा सिंह, प्रमिला, राखी, रचना, उर्मिला देवी, सोनल, अनीता, रीता, ज्योति, राधिका, रीना, सुशीला देवी, मिथलेश, ममता देवी, दीक्षा, पूनम, चांदनी सहित तमाम मोहल्लेवासी शामिल थे।

**दिन दहाड़े फायरिंग..**एक अन्य व्यक्ति यश घई का नाम भी प्रकाश में आया।जिसने उक्त घटना को अंजाम देने के लिये हरमन की मदद की थी। पुलिस टीम ने हरमन को सोबती होटल के पास से और यश घई को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। हरमन के पास से दो तमंचे और घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाईकिल भी बरामद कर ली गयी है। खुलासे के दौरान सीओ आपरेशन अनुषा बडोला, कोतवाल विक्रम राठौर आदि मौजूद थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौड़, एसओजी के निरीक्षक बिजेन्द्र शाह, एसओजी के उपनिरीक्षक विकास चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमल हसन, के0सी0आर्या, एसआई दिनेश परिहार,भूपेन्द्र सिह, कांस्टेबल नरी नाथ,भूपेन्द्र आर्या,सन्तोष रावत,उमेश डाँगी,ललित कुमार,जरनैल सिह,प्रमोद रावत,विशाल रावत ,नीरज शुक्ला आदि शामिल थे।

**दबंगों ने ..**को अस्पताल ले जाकर उसका उपचार कराया। मामले में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल डीआर वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अराजकता किसी भी हालत में बर्दाश्त नही की जायेगी, मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**नशेड़ी पति ने ..**से भाग गया। जिसके बाद मकान मालिक ने उसे निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर फरार आरोपी पति रमेश कुमार की तलाश शुरू कर दी है।

# योग ध्यान और व्यायाम से मिलती है रोगों से मुक्तिः डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पतंजलि योग पीठ, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। योगासन के बाद हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। स्वस्थ्य शरीर के लिए योग और आयुर्वेद पर जोर दिया गया।गुरुवार को नरेंद्र पैलेस पर आयोजित कार्यक्रम का



शुभारंभ जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने किया। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान और आयुर्वेद को लेकर लंबे समय से पतंजलि प्रयास कर रही है। योग से तन, मन सुंदर और स्वस्थ्य रहता है। लोगों को जीवन को सफल बनाने के लिए नियमित योग करना चाहिए। मुख्य यजमान नरेंद्र खेतवाल और मीना खेतवाल ने हवन-यज्ञ में पूर्णाहूति दी। योगाचार्य केवलानंद ने यज्ञ के साथ सूर्य नमस्कार और योग आदि का अभ्यास कराया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। इस मौके पर एसएस वर्मा, शिवराज सिंह राणा, सुनील, भूपेंद्र, मोहत, अवश्नी साह, राजेश रौतेला, आनंद, तारा कोरंगा, दीपा खाती, दिव्या, तुलसी, सुनील भरड़ा, दीप जोशी आदि ने हवन-यज्ञ, चिकित्सा के साथ-साथ योग, आसन, ध्यान तथा भजन कीर्तन का आनंद लिया।

# मीना ने ऐतिहासिक शक्तिपीठ मंदिर पावागढ़ के किये दर्शन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा नववर्ष के अवसर पर गुजरात के ऐतिहासिक शक्तिपीठ मंदिर पावागढ़ बड़ोदरा पहुंची जहां उन्होंने ऊंचे पहाड़ पर विराजमान शक्तिपीठ मां दुर्गा के मंदिर में 2100 सीढ़िया नंगे पैर चलकर पूजा अर्चना की और मां भगवती के चरणों में नारियल और प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने उत्तराखंड प्रदेश विशेषकर रुद्रपुर क्षेत्र की खुशहाली आपसी भाईचारे की मजबूती तरक्की और अनवरत विकास के लिए प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि नववर्ष के अवसर पर इस पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिर में 31 दिसंबर से दो से ढाई लाख लोग प्रतिदिन मां भगवती के दर्शन करने आ रहे है। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित थे।

# कांग्रेसजनों ने सुमित हृदयेश का आभार जताया

सितारगंज(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बनभूलपुरा को तोड़े जाने के हाईकोर्ट के आदेश पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने और पुर्नवास किए जाने के निर्देश दिए जाने का कांग्रेसजनो ने स्वागत करते हुए उसे सत्य की जीत बताया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट तक इस लड़ाई को लड़ने में अहम भूमिका निभाने वाले हल्द्वानी के कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश का नगर के कांग्रेसजनों ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष जानकी कोली, मीडिया प्रभारी वसीम मियां, महिला जिला महामंत्री सरस्वती बाला, पूरन सिंह, अखिलेश सिंह, समरेन बाला, नसरीन, जीनत, आसमीन, यूसुफ अंसार, सोनम, अकरम बेग आदि रहे।

# शराब पिलाने पर दो लोगों पर कार्रवाई

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बिना लाइसेंस के दुकान पर शराब पिलाने पर कपकोट पुलिस ने दो के विरुद्ध कार्रवाई की है। उनके विरुद्ध आबकारी में मामला दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।पुलिस अध ीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने बताया कि नशे के विरुद्ध पुलिस अभियान पर है। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जिस पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री और बिना लाइसेंस के शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसा गया है। सीओ कपकोट अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में शांति, व्यवस्था आदि के लिए होटल, ढाबा आदि पर चेकिंग की गई। इस दौरान दिनेश शाही पुत्र गुमान सिंह शाही निवासी-रैथल, खटगैड़ा, अपनी दुकान पर बिना लाइसेंस के शराब पिलाते हुए गिरफ्तार किए गए। उनके कब्जे से दो बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं, लाल सिंह उर्फ पप्पू पुत्र आन सिंह निवासी-पतियासार, तरसाल को दुकान से 28 बोतल और 44 क्वाटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 60/21 आबकारी अधिनियम में मामला पंजीकृत किया गया है।

# कई दिनों से शीतलहर जारी,अगले 48 घंटे में बर्फबारी होने के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में वैसे तो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बिल्कुल नहीं है, लेकिन मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान गिरने से लोगों को जबरदस्त ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ सकती है। राज्य के मैदानी जिलों हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में जहां पिछले कई दिनों से शीतलहर जारी है और कोहरे का जबरदस्त असर दिखाई दे रहा है। वहीं, मैदान से लेकर पहाड़ तक रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार को मुक्तेश्वर में न्यूनतम तापमान 0.8, टिहरी में 2.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि, अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री रहा। वहीं, राजधानी दून में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि, अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों ने अगले 48 घंटे बाद राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की हल्की सक्रियता की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक शनिवार को मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता जम्मू कश्मीर और लद्दाख जैसे राज्यों में अधिक रहेगी। इसका थोड़ा बहुत असर उत्तराखंड में भी दिखाई देगा और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

# 60 पाउच कच्ची शराब समेत एक और तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब की एक और तस्कर को गश्त के दौरान पकड़ कर उसके कब्जे से 30 लीटर जहरीली शराब बरामद किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर से जरूरी पूछताछ के बाद उसका आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने कुंडेश्वरी क्षेत्र में जगतपुर तिराहे के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए मूल रूप से हचलका पूर्वी थाना संग्रामपुर जनपद सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश तथा हाल ढकिया मेहतावन बाजपुर निवासी बहादुर मौर्या पुत्र राम लखन मौर्य को धर दबोचा। तलाशी में उसके कब्जे से 60 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर से जरूरी पूछताछ के बाद धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले जी

भारत देश की प्रथम शिक्षिका,  
प्रथम समाज सुधारक वह..  
ठान लिया था उन्नीसवीं सदी में  
कुछ कर के दिखलाना है,  
खाली नहीं बैठना,  
शिक्षा को अपनाना है।  
ध्वस्त हुआ जो स्वाभिमान स्त्री का,  
उसका उदय कराना है।  
छुआछूत,बाल विवाह और  
सती प्रथा का पतन करवाना है।  
ठान लिया था सावित्रीबाई ने  
अब बदलाव लाना हैं,  
विधवा पुनर्विवाह को प्रारंभ किया,  
स्त्री शिक्षा का आरम्भ किया  
आये राह में कांटे कई  
विद्रोह की अग्नि जली,  
किन्तु सावित्री बाई अपने पग से,  
जरा भी विचलित ना हुई  
हमें भी उनके स्वप्न को आगे लेकर जाना है,  
उनके बताये मार्ग पर चलकर  
एक बदलाव लाना है।  
यूँ ही खाली बैठकर  
समय नहीं गँवाना है,  
रूढ़िवादी सोच का अंत कर,  
शिक्षा की उड़ान भरनी है।

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# राष्ट्रीय गऊ सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने महेश मित्तल

सितारगंज(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय गऊ सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह व प्रदेश प्रभारी चौधरी नरेशपाल ने वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल को उत्तराखंड गउ सेवा संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी चिराग जैन को प्रदेश संगठन मंत्री के साथ साथ प्रदेश प्रभारी की अहम जिम्मेदारी का दायित्व दिया है। नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से बताया कि संगठन के दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण ईमानदारी व लगनता के साथ किया जायेगा व प्रदेश और जिला स्तर पर शीघ्र ही जिम्मेदार व सामाजिक लोगों की कार्यकारिणी बनाकर संगठन का विस्तार किया जायेगा।



# परिजनों से गाली गलौच करने के आरोप में शराबी का चालान

काशीपुर(उद संवाददाता)। शराब के नशे में चूर होकर माता-पिता व पत्नी से गाली गलौज मारपीट कर रहे एक सिरफिरे को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद उसका शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला रजवाड़ा कानूनगोयान निवासी अतुल वर्मा पुत्र सर्वेश वर्मा शराब के नशे में चूर होकर घर में उत्पात मचा रहा था। बताते हैं कि नशे में धुत होकर अतुल वर्मा अपने माता-पिता तथा पत्नी से गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू रहा। शोर-शराबा होने पर स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नशे में धुत युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन जब वह हरकतों से बाज नहीं आया तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)